भगत की कोठी एक्सप्रेस में चढ़ते समय गिरे महाराष्ट्र के वृद्ध की मौत

- पानी लेने के लिए नीचे उतरे वृद्ध के साथ हुआ हादसा, जीआरपी ने किया मर्ग कायम

उज्जैन। भगत की कोठी एक्सप्रेस से परिवार के साथ यात्रा कर रहे वृद्ध की उज्जैन स्टेशन पर चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करते समय गिरने से मौत हो गई। उनके पास मिले दस्तावेजों से पहचान की गई। ट्रेन में ही बेटी और परिवार के अन्य सदस्य सवार थे। जानकारी मिलते ही सभी ट्रेन से उतर गए थे। आज सुबह वृद्ध का पोस्टमार्टम कराया गया।

जीआरपी थाना पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को भगत की कोठी एक्सप्रेस ट्रेन उज्जैन स्टेशन पहुंची थी। इस दौरान प्लेटफार्म पर ट्रेन में सवार 72 वर्षीय वृद्ध पानी लेने के लिए नीचे उतरे थे। इसी दौरान ट्रेन चल दी और जल्दबाजी में चढ़ने का प्रयास करते समय वृद्ध गिरकर पटरियों के बीच चले गए। प्लेटफार्म पर मौजूद लोगों और आरपीएफ टीम की मदद से उन्हें निकाला गया और अस्पताल पहुंचाया गया। कुछ देर बाद वृद्ध की मौत हो गई। उनके पास मिले दस्तावेजों से पहचान द्वारकादास पिता जगदेव बाकोड़े निवासी नीमगांव नांदूरा बुल्ढाणा महाराष्ट्र के रूप में हुई। घटनाक्रम प्लेटफार्म नंबर 1 पर स्टेशन मास्टर के ऑफिस के सामने हुआ। ट्रेन में सवार यात्रियों की जानकारी रेलवे पुलिस द्वारा स्टेशन मास्टर से जुटाई गई। इस दौरान सामने आया कि उक्त मृतक वृद्ध एस-4 कोच में सीट नंबर 55 पर 8-10 अन्य लोगों के साथ यात्रा कर रहे थे। तत्काल उनसे संपर्क कर जानकारी दी गई और अगले स्टेशन पर उन्हें उतारा गया। सभी लोग उज्जैन पहुंचे। इस दौरान सामने आया कि मृतक द्वारकादास के साथ उनकी पुत्री सुनंदा और परिवार के अन्य सदस्य सवार थे जो के रूधाम की यात्रा पर गए थे जहां से वापस अपने घर महाराष्ट्र लौट रहे थे। जीआरपी ने मामले में मर्ग कायम कर शनिवार सुबह पोस्टमार्टम कराया है।

जहरीले जानवर ने काटा, युवक की मौत

उज्जैन। घर में सो रहे युवक को रात में जहरीले जानवर ने काट लिया नींद खुलने पर उसे कमर में जलन होने लगी कुछ देर बाद ही सूजन आ गई युवक को परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उसकी मौत हो गई। मामला मक्सी रोड स्थित ग्राम पाटपाला का सामने आया है। यहां रहने वाला राहुल पिता शिवनारायण नायक 28 साल गांव में ही मुरलीधर के यहां हाली का काम करता था। रात में अपने घर पर सोया हुआ था इस दौरान उसे महसूस हुआ की कमर में किसी जानवर ने काटा है वह नींद से जाग गया उसे काफी जलन महसूस हो रही थी। परिजन भी राहुल के कमरे में पहुंच गए लेकिन घर में कुछ दिखाई नहीं दिया। राहुल की कमर में काफी सूजन आ गई उसे रात में ही परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन रात 3 .30 बजे राहुल की मौत हो गई। मामले में पंवासा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है रिपोर्ट आने पर ही स्पष्ट होगा कि राहुल को कौन से जानवर ने काटा था और उसकी मौत की वजह क्या है।

विवाद होने पर पति ने लात-घूंसों से पत्नी को पीटा

उज्जैन। ग्राम गुडावन में रहने वाली भावना मजदूरी का काम करती है। उसे सोसाइटी से गेहूं मिले थे। शाम को भावना काम से लौटी तो घर में रखे गेहूं दिखाई नहीं दिये। पति सेवाराम से पूछा तो उसने बेचने की बात कहीं। भावना ने गेहूं बेचने का विरोध किया तो पति सेवाराम भड़क गया। उसने लात-घूंसों से भावना को बुरी तरह पीट दिया। भावना बिरलाग्राम थाने पहुंची। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण के बाद पति पर मारपीट करने का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। एक अन्य मामले में तराना के ग्राम दुबली में रहने वाली सुनीता को पति संजू ने ईंट से हमला कर घायल कर दिया। सुनीता को तराना अस्पताल से उपचार के लिये उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया।

उन्हेल में युवक की हत्या, खेत में मिली लाश

उज्जैन/उन्हेल। शनिवार सुबह खेत में लाश मिलने की खबर पर पुलिस पहुंची तो मामला हत्या का होना सामने आया। मृतक के सिर पर चोट के निशान थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजनों से पूछताछ जारी है उसके बाद ही हत्या की वजह सामने आ पाएगी।

उन्हेल थाना प्रभारी संतोष चौहान ने बताया कि सुबह कुछ ग्रामीणों ने सूचना दी थी कि ग्राम पिपलिया डाबी में एक युवक की लाश पड़ी हुई है। पुलिस मौके पर पहुंची इस दौरान सामने आया कि मृतक की हत्या की गई है उसके सिर पर किसी भारी वस्तु या फिर लाठी से हमला किया गया है। मृतक की पहचान करने पर नाम भारत पिता भगवान सिंह राजपूत 38 साल

निवासी पिपलिया डाबी होना सामने आया। जिस खेत में लाश मिली थी वह मृतक का ही होना बताया गया है। घटना की जानकारी लगने पर परिजन भी पहुंच गए थे। इस दौरान पता चला कि मृतक की पत्नी मायके गई हुई है रात में भारत खेत पर गया हुआ था। थाना प्रभारी के अनुसार फिलहाल हत्या की वजह सामने नहीं आ पाई है परिजनों से पूछताछ कर जानकारी जुटा जा रही है। आशंका है कि पुराने विवाद के चलते हत्या को अंजाम दिया गया है। जांच जारी है।

जानकी नगर में दो भाइयों को कजिन भाइयों ने मारे चाकू

उज्जैन। मामा को पुत्र द्वारा खाना नहीं दिए जाने पर दो भाई मामा के पुत्र को समझाने पहुंचे तो उसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर दोनों भाइयों पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज किया है चाकू मारने वाले और उसके साथियों की तलाश की जा रही है। जानकी नगर में रहने वाले विजय पिता ओमप्रकाश और उसके भाई सुनील को घायल हालत में चरक अस्पताल लाया गया था। दोनों को चाकू के घाव होने पर डॉक्टरों ने उपचार के लिए भर्ती किया। घायल भाइयों ने बताया कि उनके घर से कुछ दूरी पर ही मामा अनोखीलाल रहते हैं। मामी का निधन हो चुका है। मामा के साथ उनका बेटा मिथुन रहता है, लेकिन वह मामा को खाना नहीं देता है। कई दिनों से मामा उनके यहां खाना खाने आ रहे हैं। जिसको लेकर वह मिथुन को समझने के लिए रात को उसके घर पहुंचे थे। जहां मिथुन ने विवाद शुरू कर दिया और अपने दोस्त गोलू आशीष पप्पू और नाना को बुलाकर मारपीट शुरू कर दी। मारपीट का विरोध किया तो मिथुन ने चाकू से हमला कर दिया। चाकूबाजी में दो भाइयों के घायल होने की खबर जीवाजीगंज थाना पुलिस को मिली तो दोनों के बयान दर्ज करने पुलिस अस्पताल पहुंची। मामले में मिथुन और उसके दोस्तों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश की जा रही है।

उन्हेल में 21 दिन में दूसरी हत्या

उन्हेल थाना क्षेत्र में 21 दिन में दूसरी हत्या होना सामने आया है इससे पहले 9 मई की सुबह ग्राम सरवाना में कच्चे मकान की खाट पर खून से सनी रतन पिता रूगनाथ बागरी की लाश मिली थी। उक्त मामले में अब तक पुलिस हत्या की वजह नहीं तलाश पाई है। आरोपियों का सुराग तक नहीं मिला है। पुलिस मामले में पारिवारिक विवाद मानकर जांच कर रही है। इस बीच आज सुबह दूसरा हत्या का मामला सामने आ गया। बता दें कि अभी ग्रामीण क्षेत्रों में अपराधों ग्राफ काफी बढ़ गया है। कहीं शराब तस्करी तो कहीं पर गांजा पकड़ा रहा है। वहीं इसके साथ लूट और हत्याओं के प्रकरण में भी इजाफा हो रहा है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में ठगी के मामले भी सामने आ रहे हैं। जिसमें नौकरी लगाने के नाम पर लाखों की ठगी की गई है।

डोडाचूरा तस्कर को दस वर्ष का कारावास और जुर्माना

उज्जैन। मादक पदार्थ डोडाचूरा का परिवहन करते हिरासत में आये तस्कर को न्यायालय ने 10 साल की सजा और 2 लाख रूपये अर्थदंड से दंडित किया है।

मीडिया सेल प्रभारी कुलदीपसिंह भदौरिया ने बताया कि एसटीएफ इकाई उज्जैन में पदस्थ एएसआई देवेंद्र सिंह कुशवाह को मुखबिर सूचना मिली कि एक ट्राला जिसके पीछे अंग्रेजी में राजपूत लिखा है। जिसका ओमप्रकाश विश्नोई तथा उसके साथ आगे ट्राले की पायलेटिंग कार का चालक सोमराज दोनों ही निवासी बीकानेर तरफ के ट्राले में खली कपास्या के बोरों के नीचे तथा कार में नीमच तरफ से अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा लेकर उज्जैन आये हुए हैं। जो आगर रोड से राजस्थान जाने वाले हैं, जिनका ट्राला खराब होने से मक्सी रोड पर खड़े हैं। सूचना पर एसटीएफ टीम ने दबिश देकर मक्सी रोड से ट्रक और कार को जप्त कर तलाशी ली थी। कार तथा ट्रक में रखे 40 बोरों से 8 क्विंटल डोराचूरा बरामद किया था। पुलिस द्वारा मामले में आरोपी ओमप्रकाश पिता धूराराम 39 वर्ष निवासी ग्राम सादोलाई थाना बज्जू जिला बीकानेर (राजस्थान) के खिलाफ धारा 8/15 सी सहपठित धारा 29 एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया था। सुनवाई पूरी होने पर विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) पवन कुमार पटेल ने फैसला सुनाते हुए आरोपी ओमप्रकाश पिता धूराराम को 10 साल कारावास और 2 लाख रूपये अर्थदंड की सजा से दंडित किया है। प्रकरण में अभियोजन पैरवीकर्ता अधिकारी नितेश कृष्णन रहे।

पत्रकारिता दिवस पर किया सम्मान

उज्जैन। हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर कलाम सर्वधर्म सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पत्रकारों का सम्मान कर उनके योगदान को सराहा गया।

हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। हिंदी पत्रकारिता की शुरुआत 30 मई 1826 को भारत के प्रथम हिंदी समाचार पत्र 'उदन्त मार्तण्ड' के प्रकाशन से हुई थी, जिसका प्रकाशन तत्कालीन कलकत्ता से पंडित जुगल किशोर शुक्ल द्वारा किया गया था। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार संजय माथुर, नासिर बेलीम, धर्मेंद्र राठौर, असलम खान एवं खुजेमा चांदा भाईवाला का सम्मान किया गया। सम्मान के पश्चात पत्रकारों ने अपने पत्रकारिता जीवन के अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में विशेष रूप से इकबाल उस्मानी, फहीम सिकंदर एवं समीर-उल-हक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संस्था अध्यक्ष समीर खान ने किया, जबकि अंत में राजा शाह ने सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।

एक नजर में

100 को जांच कर कैंसर के प्रति किया सचेत

उज्जैन। विश्व तंबाकू निषेध दिवस 31 मई के अवसर पर इंडियन डेंटल एसोसिएशन आईडीए उज्जैन शाखा ने 30 मई को संजीवनी अस्पताल में नि:शुल्क दंत एवं मुख परीक्षण व ओरल कैंसर स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया। यह जन-जागरूकता शिविर आईडीए अध्यक्ष डॉ. निहित सिंह राणा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। शिविर में शहर के वरिष्ठ दंत चिकित्सकों ने तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट और गुटखा का सेवन करने वाले करीब 100 लोगों की मुख जांच की। इस दौरान मरीजों को तंबाकू सेवन से होने वाले गंभीर रोगों, विशेषकर ओरल कैंसर के प्रति सचेत किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज को तंबाकू के नुकसान के प्रति जागरूक करना तथा समय रहते ओरल कैंसर की पहचान कर इसकी रोकथाम को बढ़ावा देना है। इस मौके पर आईडीए उज्जैन शाखा के सचिव डॉ. अंकित बाबर, कोषाध्यक्ष डॉ. अपूर्व धारीवाल, डॉ. तुषार बंसल, डॉ. दिनेश इंडेरिया, डॉ. प्रिंस कुशवाहा, डॉ. जतिन चावड़ा और डॉ. शुभम करोड़े सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष का सम्मान

उज्जैन। हरियाणा के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह अपने अल्प प्रवास के दौरान उज्जैन पहुंचे। यहां मध्य प्रदेश खेल प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष चंदू यादव और उपकेश्वर ग्रुप के संरक्षक विनोद यादव की अगुवाई में उनका साफा बांधकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष के साथ उज्जैन पधारे पूर्व विधायक बहादुर सिंह यादव, महेश, संदीप और प्रोफेसर सतपाल यादव का भी स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सम्मान किया। अतिथियों के स्वागत समारोह में सूचना का अधिकार विभाग के जिला अध्यक्ष कृष्णा यादव, शुभम यादव, नंदकिशोर यादव और भेरु लाल यादव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इनके साथ ही नरेंद्र यादव, दिनेश यादव, मनोज यादव, करण यादव, सौरभ यादव, यश यादव, आदित्य यादव और क्रिश यादव ने भी अतिथियों का सत्कार किया।

अपंग आश्रम में किया सामग्री वितरण

उज्जैन। विक्रम विश्वविद्यालय के असिस्टेंट लाइब्रेरियन, शिक्षाविद और सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी के मार्गदर्शक हाजी सैयद खुर्शीद अली की पांचवीं पुण्यतिथि पर अपंग आश्रम में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था द्वारा आश्रमवासियों को दूध, ब्रेड और फलों का वितरण किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता रईस अहमद ने खुर्शीद अली का स्मरण करते हुए कहा कि उनका पूरा जीवन शिक्षा और छात्र-छात्राओं के उत्थान के लिए समर्पित रहा। सोसाइटी के अध्यक्ष पंकज जायसवाल एवं संरक्षक सैयद अबीद अली मीर ने बताया कि कार्यक्रम में एडवोकेट समीर खान, हाजी इकबाल हुसैन और विनीत सोलपंखी ने भी अली का स्मरण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। संचालन इकबाल उस्मानी ने किया तथा आभार नासिर मंसूरी ने माना। यह जानकारी चेतन ठक्कर एवं प्रवक्ता सैयद आशिक अली ने दी।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिला प्रशासन ने बनाया प्लान

सभी 13 अखाड़ों में होंगे निर्माण, करोड़ों की राशि होगी जारी

- संत महंत पीठाधीश्वर से लेकर महामंडलेश्वर तक से मांगी सूची

उज्जैन। महाकाल की नगरी में सिंहस्थ 2028 को लेकर तैयारियां अब धरातल पर दिखाई देने लगी हैं। एक ओर शिप्रा के घाटों, सड़कों, पुलों और नगरीय सुविधाओं के लिए हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत हो चुकी हैं, वहीं दूसरी ओर सिंहस्थ की आत्मा माने जाने वाले अखाड़ों के विकास और विस्तार की दिशा में भी व्यापक कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी महाराज और महामंत्री हरिगिरि महाराज द्वारा अखाड़ों की आवश्यकताओं को लेकर पहले ही अपने सुझाव शासन तक पहुंचाए जा चुके हैं। इसके बाद प्रशासनिक स्तर पर भी लगातार मंथन और समन्वय का दौर जारी है। जिला प्रशासन, सिंहस्थ प्राधिकरण, नगर निगम और अन्य विभाग मिलकर ऐसी व्यवस्था बनाने में जुटे हैं जिससे सिंहस्थ में आने वाले लाखों साधु-संतों और उनके अनुयायियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार सभी प्रमुख अखाड़ों, महामंडलेश्वरों, गादीपतियों, पीठाधीश्वरों और संत प्रतिनिधियों से विस्तृत प्रस्ताव मांगे गए हैं। अखाड़ों और प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित करने की जिम्मेदारी संभाल रही टीम लगातार संत समाज के संपर्क में है। सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी पुलिस विभाग संभालेगा।

वैश्विक आयोजन होगा -बड़ा नेटवर्क तैयार

सिंहस्थ 2028 को लेकर राज्य सरकार पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि यह आयोजन वैश्विक स्तर पर नई पहचान स्थापित करेगा। इसी दिशा में मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा विभिन्न विभागों की लगभग 5882 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली अधोसंरचना परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की गई है। इन परियोजनाओं में शिप्रा तट पर नए घाटों का निर्माण, कान्ह नदी डायवर्सन, शिप्रा में निरंतर जल प्रवाह सुनिश्चित करने की योजनाएं, बैराज निर्माण, सीवरेज नेटवर्क का विस्तार, विद्युत अधोसंरचना का सुदृढ़ीकरण तथा शहर के प्रमुख मार्गों के उन्नयन जैसे कार्य शामिल हैं।

निर्माण और जीर्णोद्धार की सूची मांगी

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार सभी प्रमुख अखाड़ों, महामंडलेश्वरों, गादीपतियों, पीठाधीश्वरों और संत प्रतिनिधियों से विस्तृत प्रस्ताव मांगे गए हैं। इन प्रस्तावों के आधार पर यह तय किया जाएगा कि किस अखाड़े में कितने निर्माण, जीर्णोद्धार और विस्तार कार्य किए जाने हैं। उज्जैन सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह, जिला कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, महाकाल मंदिर प्रशासन प्रथम कौशिक से लेकर एसपी प्रदीप शर्मा इस नए प्लान में जुट गए हैं।

नृत्यांगना शैलजा उज्जैन में, 9 से कार्यशाला

उज्जैन। उज्जैन की प्रतिष्ठित सांस्कृतिक संस्था त्रिनेत्रा सांस्कृतिक संस्थान, भागसीपुरा, उज्जैन द्वारा कत्थक प्रेमियों एवं विद्यार्थियों के लिये एक विशेष कत्थक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला 9 से 12 जून तक भागसीपुरा स्थित संस्थान कार्यालय पर आयोजित होगी। संस्थान निदेशक मयूरी शर्मा के अनुसार इस विशिष्ट कार्यशाला का संचालन दिल्ली की कत्थक एक्सपोनेंट शैलजा नलवडे द्वारा किया जाएगा। कार्यशाला विशेष रूप से उन कत्थक विद्यार्थियों हेतु आयोजित की गई है। कार्यशाला में प्रतिभागियों को कत्थक की बारीकियों, भाव, लय, ताल एवं प्रस्तुति की विशेष तकनीकों से अवगत कराया जाएगा।

महापौर ने सप्तसागरों पर की व्यवस्थाओं को देखा

- छायादार टेंट में पूजन कर रहे श्रद्धालुओं से चर्चा की

उज्जैन। रविवार17 मई से अधिकमास का पर्व प्रारंभ हो गया है जोकि एक माह 15 जून तक रहेगा। जिसमें श्रद्धालुओं द्वारा सप्तसागरों, नौ नारायण एवं 84 महादेव मंदिरों पर विशेष पूजन अर्चन किया जाएगा। इसी क्रम में शनिवार को महापौर मुकेश टटवाल ने सप्तसागरों के अंतर्गत गोवर्धन सागर का निरीक्षण किया। सप्तसागरों पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए निगम द्वारा विशेष रूप से व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। जिसमें छायादार टेंट, शामियाने लगाए गए हैं जिससे कि यहां आने वाले श्रद्धालु सुविधाजनक रूप से पूजन कर सकें। श्रद्धालु निगम द्वारा की गई व्यवस्थाओं से भी संतुष्ट नजर आए। क्योंकि गर्मी एवं धूप में छायादार जगह उपलब्ध हो पाई जहां पूजन किया जा रहा हैं। साथ ही अधिकमास के पर्व को ध्यान में रखते हुए सप्तसागरों के साथ-साथ अन्य धार्मिक स्थलों पर भी सफाई का विशेष ध्यान रखा गया है। महापौर ने निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या ना हो इस बात का ध्यान रखें। इसी के साथ

श्रद्धालुओं से भी निवेदन किया गया की उज्जैन शहर की सफाई व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सप्तसागरों पर गंदगी नहीं करें और निर्धारित स्थल पर ही पूजन सामग्री विसर्जित करें। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य कैलाश प्रजापत, झोनल अधिकारी सुनील जैन उपस्थित रहे।

एमआईटी उज्जैन को 58 .30 लाख का अनुदान स्वीकृत

- नवाचार एवं स्टार्टअप्स को बढ़ावा, विद्यार्थियों को मिलेगा प्रोत्साहन

उज्जैन। महाकाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी), उज्जैन ने नवाचार, अनुसंधान एवं स्टार्टअप्स के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए अकादमिक वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न परियोजनाओं के लिए कुल 58 .30 लाख की ग्रांट प्राप्त की है। यह अनुदान भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) तथा मध्यप्रदेश काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (एमपीसीएसटी), भोपाल द्वारा स्वीकृत किया गया है। संस्थान का बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय तथा इंस्टीट्यूशन्स इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल एवं एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त है। संस्थान में नवाचार एवं स्टार्टअप संस्कृति को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। एमआईटी इन्क्यूबेशन सेंटर के नोडल प्रभारी एवं आईआईसी संयोजक प्रो. मनीष बर्वे ने बताया कि स्वीकृत अनुदान इंडस्ट्री 4.0 एवं 5.0 इकोसिस्टम के लिए एआई आधारित नेविगेशन प्रणाली, स्मार्ट कृषि तकनीक समाधान, फ्रटियर एफपीवी ड्रोन टेक्नोलॉजी तथा आईओटी आधारित हेल्थटेक मेडिकल डिवाइस जैसी नवाचार आधारित परियोजनाओं के लिए प्रदान किया गया है। एमआईटी ग्रुप के सचिव आदित्य वशिष्ठ, वाइस चेयरमैन आकाश वशिष्ठ एवं संस्थान के निदेशक डॉ. मुकेश शुक्ला ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की।

गंगा दशहरा पर्व पर निकली कलश यात्रा

उज्जैन। गंगा दशहरा पर्व पर जल गंगा संवर्द्धन अभियान के अंतर्गत मप जनअभियान परिषद की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति नोगावां एवं संस्था मोहिनी सेवा समिति के तत्वावधान में विकासखंड तराना के ग्राम नोगावां में कलश यात्रा निकाली गई तथा जल बचाने एवं स्वच्छता रखने की शपथ ली गई। कलश यात्रा उपरांत मंदिर परिसर में स्वच्छता कार्य किया गया। भगवान शिव का अभिषेक कर कालीसिंध नदी पर दीप प्रज्जवलित कर महाआरती की गई। श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। संदीप मालवीय ने पानी व नदियों का महत्व बताया। संचालन मंजू जैन ने किया। आभार भगवानसिंह पाटीदार ने माना।

सवारी के लिए पहल — उज्जैन के महापौर की पहल पर चल रही तैयारी, दुकानों के साइन बोर्ड भी एक जैसे करेंगे

महाकाल सवारी मार्ग के घर एक रंग में होंगे, 800 लोगों को लिखे पत्र

उज्जैन। महाकाल की सवारी मार्ग पर बने मकानों को एक जैसे रंग में करने की तैयारी है। इसे लेकर उज्जैन के महापौर मुकेश टटवाल प्रयासरत है। उन्होंने इस संबंध में मार्ग में आने वाले मकान व दुकान मालिकों से इस कार्य में अधिक से अधिक सहयोग करने की अपील की है।

महापौर ने इस संबंध में 800 लोगों को पत्र भी लिखे हैं। इस योजना पर पूर्व में भी कई बार चर्चा हुई है, लेकिन एक बार फिर से यह विषय सामने आया है। सवारी मार्ग पर घर व प्रतिष्ठान जब एक जैसे नजर आएंगे तो

एक अलग ही वातावरण निर्मित होगा। मकानों के साथ दुकानों के बोर्ड भी एक जैसे करने की तैयारी है।

मोगरे की कलियों से सजे श्री ऋणमुक्तेश्वर -शिप्रा तट स्थित प्राचीन श्री ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर पर अधिक मास की ज्येष्ठ पूर्णिमा पर मोगरा एवं आम महोत्सव मनाया गया। पंडितों ने वैदिक मंत्रों के साथ महादेव का अभिषेक-पूजन किया। इसके पश्चात भांग, सूखे मेवे व विशेषकर मोगरे की कलियों से शृंगार कर आम महाभोग अर्पित किया। शाम को ढोल-नगाड़ों के साथ श्री ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर के गादीपति महंत श्री महावीरनाथ जी महाराज ने महाआरती की।

चारधाम से लौटे भर्तृहरि गुफा के महंत



भर्तृहरि गुफा के पीठाधीश्वर योगी पीर महंत रामनाथ महाराज चार धाम की धार्मिक यात्रा पूर्ण कर उज्जैन लौटे। वे सबसे पहले महाकाल के दरबार में गए। उन्होंने अभिषेक-पूजन किया। तीर्थों का पवित्र जल भी भगवान को अर्पित कर जनकल्याण एवं विश्वकल्याण की कामना की। इसके बाद भैरवगढ़ रोड स्थित मां बगलामुखी धाम मंदिर में 101 ढोल के साथ भक्तों ने पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया।

कलाकारों ने दी शिव भजन की प्रस्तुति

उज्जैन। पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के तहत आयोजित सांस्कृतिक संध्या में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ ज्वलंत शर्मा और अमित शर्मा ने शिव भजन की शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कलाकारों का सम्मान भी किया गया। कपिल यादें के निर्देशन में आयोजित इस संगीत संध्या में ज्वलंत शर्मा और अमित शर्मा ने डमक डमक डम डमरू बाजे महादेव के हाथ भजन गाया। भजनों की इस प्रस्तुति में मुख्यमंत्री ने भी गायकों का साथ दिया। मुख्यमंत्री के विशेष आग्रह पर दोनों कलाकारों ने यारी है ईमान मेरा यार मेरी जिंदगी गीत की सुमधुर प्रस्तुति भी दी।